# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 08.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी।

## 1. दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-




अवगत कराना है दिनांक 05.09.2023 को वादिनी निवासी थाना मैनाठेर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने के संबंध मे थाना मैनाठेर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-262/23 धारा-376डी/323/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 08.09.2023 को निरीक्षक अपराध श्री सुभाषचन्द थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त के वांछित आरोपी मौ0 फारूख पुत्र मुनव्वर निवासी ग्राम महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**2. चरस सहित आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी/प्रयोग पर रोकथाम एवं इनमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.09.2023 को उ0नि0 श्री रवीन्द्र कुमार थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त मौ0 रफी उर्फ कलवा पुत्र बाबू कुरैशी निवासी ग्राम गुरैर थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को मय 1,150 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-267/23 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**3. मोटरसाईकिल व मोबाईल चोरी करने वाले गिरोह के 04 आरोपी अवैध तमंचा तथा अवैध चाकूओं सहित गिरफ्तार,थाना पाकबड़ाः-**



अवगत कराना है दिनांक 11.07.2023 को वादी सूरज मिश्रा पुत्र रमाकान्त निवासी छोटा चौक,शाहजहांपुर ने अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी की मोटरसाईकिल व एक मोबाईल चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-237/23 धारा-379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही व बरामद साक्ष्यों के आधार पर आज दिनांक 08.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना पाकबड़ा,मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 04 अभियुक्तगण 1 मौ0 अली पुत्र फिदा हुसैन निवासी माता की मिलक कस्बा पाकबडा थाना पाकबडा,मुरादाबाद 2. परवेज पुत्र शौकीन निवासी माता की मिलक कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद 3. असद पुत्र शमशाद अली निवासी माता की मिलक कस्बा व थाना पाकबडा ,मुरादाबाद 4. आमिर पुत्र मुबारक निवासी माता की मिलक कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद को गिरफ्तार कर अभियुक्त मौ0 अली के कब्जे से अवैध तमंचा तथा अभियुक्तगण परवेज,असद,आमिर से अवैध चाकू एवं अभियुक्तगण द्वारा चोरी की गई मोटरसाईकिल को बेचकर मिले 6,000/- रूपये व मोबाइल बरामद किये गये। अवैध तमंचा की बरामदगी के आधार पर अभियुक्त मौ0 अली के विरूद्ध मु0अ0सं0-292/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा अभियुक्त परवेज से बरामद अवैध चाकू के आधार पर मु0अ0सं0-293/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट,अभियुक्त असद से बरामद अवैध चाकू के आधार पर मु0अ0सं0-294/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट,अभियुक्त आमिर उपरोक्त से बरामद अवैध चाकू के आधार पर मु0अ0सं0-295/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये।

## 4. थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा बच्चा तस्कर गिरोह का खुलासा करते हुये 06 अभियुक्तगण (04 महिला, 02 पुरुष) को गिरफ्तार किया गया, एक नवजात शिशु बरामद ।




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं शान्ति व्यवस्था ड्यूटी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में आज दिनांक 08.09.2023 को थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा राधा गोविन्द कालेज चन्दोसी रोड पर स्थित आम के बाग के पास थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद से 04 अभियुक्ता 1-शबनम पत्नी मौ0 युनूस बढई निवासी विश्वास दूध डेरी के पास हिमगिरी कालोनी थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद 2-गीता रानी सैनी पुत्री स्व0 रामगोपाल निवासी मोहल्ला चन्द्रनगर थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद 3-नीतू पत्नी अश्वनी निवासी समाज कल्याण कार्यालय के सामने मो0 हरथला थाना सिविल लाईन, मुरादाबाद 4-साजिया पुत्री लाडले पठान निवासी काशीराम कालोनी थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद व 02 अभियुक्त 1-मो0 यूनूस बढ़ई पुत्र शहजाद हुसैन निवासी विश्वास दूध डेरी के पास हिमगिरी कालोनी थाना सिविल लाईन, मुरादाबाद 2-गौरव कुमार पुत्र स्व0 चरन सिंह भातू निवासी मोहल्ला आदर्श कालोनी निकट शिव मन्दिर थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 01 नवजात शिशु (05 दिवस) बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-268/2023 धारा 363/368/370(4)/120बी भादवि व धारा 81 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 पंजीकृत किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछने पर अभियुक्तगण ने बताया कि महिलायें मिलकर क्षेत्र में घूम-घूम कर ऐसा गरीब परिवार तलाश करते हैं जिनके पहले से कई बच्चे होते है तथा उनकी स्थिति बच्चों के लालन-पालन की नहीं होती है उनको बहला फुसलाकर बच्चे को गोद लेने का झांसा देकर बच्चे को खरीद लेते हैं। यह बच्चा (लड़की) भी इनके द्वारा थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत से गोद लेने का झांसा देकर ली है जिसका सौदा दिल्ली में ढाई लाख रूपये में हुआ है, 30 हजार रूपये एडवांस में मिले थे। बाकी रकम आज बच्चा देकर मिलने वाली थी, दिल्ली वाली पार्टी बच्चे को लेने यहां आने वाले थे। बच्चा बेचकर जो कमाई होती है उसे मिलकर आपस में बांट लेते हैं। इससे पहले भी इनके द्वारा बच्चों को इसी तरीके से लेकर अलग-अलग जगहों पर बेचा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1-मौ0 यूनूस बढई पुत्र शहजाद हुसैन निवासी विश्वास दूध डेरी के पास हिमगिरी कालौनी थाना सिविल लाईन, मुरादाबाद ।

2-गौरव कुमार पुत्र स्व0 चरन सिहं भातू निवासी मोहल्ला आदर्श कालोनी थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

3-शबनम पत्नी मौ0 युनूस बढई निवासी विश्वास दूध डेरी के पास हिमगिरी कालोनी थाना सिविल लाईन, मुरादाबाद।

4-गीता रानी सैनी पुत्री स्व0 रामगोपाल निवासी मोहल्ला चन्द्रनगर थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

5-नीतू पत्नी अश्वनी भातू निवासी समाज कल्याण कार्यालय के सामने मोहल्ला हरथला थाना सिविल लाईन, मुरादाबाद।

6-साजिया पुत्री लाडले पठान निवासी काशीराम कालोनी थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद ।

**बरामदगी-**

एक नवजात शिशु (05 दिवस) व 30 हजार रूपये।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 268/2023 धारा 363/368/370(4)/120बीभादवि व धारा 81 किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम

अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना मैनाठेर-**

1-उ0नि0 उम्मेद सिह पोसवाल

2-म0उ0नि0 श्रीमती कामिनी

3-का0 मौहम्मद नासिर,  कां राजकुमार, कां0 धीरज सिंह, कां0 गौरव कुमार, कां0 शैलेन्द्र सागर

4-म0कां बबीता थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद ।